Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

يَاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُوْنُوْا قَوّٰمِيْنَ بِالْقِسْطِ شُهَدَآءَ لِلّٰهِ وَلَوْ عَلٰٓى اَنْفُسِكُمْ اَوِ الْوَالِدَيْنِ وَالْاَقْرَبِيْنَ

(सूरत अन्निसा आयत :135)

अनुवाद: हे वे लोगो जो ईमान लाए हो अल्लाह के लिए गवाह बनते हुए इन्साफ़ को मज़बूती से क़ायम करने वाले बन जाओ चाहे स्वयं अपने विरुद्ध गवाही देनी पड़े या माता पिता और निकट रिश्तेदारों के विरुद्ध।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 6

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक-2

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

29 जमादी अल्अव्वल 1442 हिज्री कमरी 14 सुलेह 1400 हिज्री शम्सी 14 जनवरी 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

ख़ुदा तआला किसी क़ौम की हालत नहीं बदलता जब तक कि स्वयं क़ौम अपनी हालत को तबदील न करे ख़ुदा तआला की ओर शरण लो और नमाज़ों को नियमित रूप से इल्तिज़ाम से पढ़ो, नमाज़ें माफ़ नहीं होतीं, पैग़म्बरों को भी माफ़ नहीं हुईं।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

ऊलिल अम्र (राज्य अधिकारियों) की आज्ञाकारिता

क़ुरआन में आदेश है। اَطِيْعُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوا الرَّسُوْلَ وَاُولِى الْاَمْرِ مِنْكُمْ (अल् निसा-60) अब ऊलिल अम्र (राज्य अधिकारियों) की आज्ञाकारिता का स्पष्ट आदेश है। यदि कोई कहे कि गवर्नमेंट मिन्कुम में शामिल नहीं तो यह उसकी बड़ी ग़लती है। गवर्नमेंट जो बात शरीयत के अनुसार करती है वह मिन्कुम में शामिल है। जो हमारा विरोध नहीं करता वह हम में शामिल है। स्पष्ट रूप में क़ुरआन से प्रमाणित होता है कि गवर्नमेंट की आज्ञाकारिता करनी चाहिए और उसकी बातें मान लेनी चाहिऐं।

सआदत के मार्ग पर चला करें

पवित्रता और संयम की ओर ध्यान देना चाहीए और सआदत के मार्ग पर चलना चाहिऐं तब ही कुछ होता है। اِنَّ اللّٰهَ لَا يُغَيِّرُ مَا بِقَوْمٍ حَتّٰى يُغَيِّرُوْا مَا بِاَنْفُسِهِمْ (अर्राद :12) ख़ुदा तआला किसी क़ौम की हालत नहीं बदलता जब तक कि स्वयं क़ौम अपनी हालत को तबदील न करे ज़रूरी बात यह है कि लोग ख़ुदा तआला की ओर ध्यान दे, नमाज़ पढ़ें, ज़कात दें, दूसरों के अधिकार नष्ट न करने और अनैतिकता से रुक जाएँ। यह बात पूर्णता प्रमाणित है कि कभी कभार जब एक बुराई करता है तो वह सारे शहर और घर की हलाकत का कारण हो जाता है। अत: बुराइयाँ छोड़ दो कि वह हलाकत का कारण हैं।

नमाज़ों को बाक़ायदा इल्तिज़ाम से पढ़ो।

ख़ुदा तआला की ओर शरण लो और नमाज़ों को नियमित रूप से इल्तिज़ाम से पढ़ो। कभी लोग एक ही समय की नमाज़ पढ़ लेते हैं। नमाज़ें माफ़ नहीं होतीं। पैग़म्बरों को भी माफ़ नहीं हुईं। एक हदीस में आया है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास एक नई जमाअत आई, उन्होंने नमाज़ की माफ़ी चाही। आपने फ़रमाया कि जिस धर्म में अमल नहीं वह धर्म कुछ नहीं।

(मलफ़ूज़ात, भाग 1 पृष्ठ 238- 240 प्रकाशित क़ादियान 2018)

☆ ☆ ☆ ☆

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

ख़ामोशी और ध्यान के साथ ख़ुतबा सुनने का आदेश

(934)हज़रत अबु हुरैरा रज़ि अल्लाहो अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया यदि तुम अपने साथी से जुमआ के समय जबकि इमाम ख़ुत्बा दे रहा हो कहो चुप रहो तो तुमने भी ग़लत बात की।

(सही बुख़ारी, भाग 2 किताबुलजुमआ)

(962)हज़रत इब्ने अब्बास रज़ि अल्लाहो अन्हो से रिवायत है कि : मैं ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, हज़रत अबूबकर, हज़रत उमर और हज़रत उसमान रज़ी अल्लाहो अन्हुमा के साथ ईदैन पढ़ी हैं। यह सब ख़ुतबा से पहले नमाज़ पढ़ा करते थे।

(964)हज़रत इब्ने अब्बास रज़ी अल्लाहो अन्हो से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इदुल्फित्र के दिन दो रकातें पढ़ीं और आप ने न इससे पहले कोई (नफ़्ल) पढ़े और न इसके बाद। फिर आप महिलाओं के पास आए और हज़रत बिलाल रज़ि अल्लाहो अन्हो आप के साथ थे। आप ने औरतों को सदके का आदेश दिया तो वह सदक़ा देने लगीं। कोई महिला अपनी बाली फेंकती और कोई अपना हार।

(सही बुख़ारी, भाग 2 किताब अल-ईदेन, प्रकाशित क़ादियान 2006)

आप यह क्यों कहते हैं कि यदि यह धार्मिक सेवा में व्यस्त रहा तो अपने भाई के टुकड़ों पर पलेगा आप यह क्यों नहीं कहते कि यह धर्म की सेवा करेगा तो इसके कारण अल्लाह तआला इस के भाई की आय में भी बरकत पैदा कर देगा।

सय्यदना हज़रत मुसल्लेह मौऊद रज़ि अल्लाह तआला अन्हो फ़रमाते हैं

मुझे याद है हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ि अल्लाह अन्हो के समय में जब मीर मुहम्मद इसहाक़ साहिब की शिक्षा का ज़माना आया (मीर साहिब मुझ से पौने दो वर्ष छोटे थे) तो हमारे नाना-जान मरहूम ने हज़रत ख़लीफ़ा अवूवल रज़ी अल्लाहु अन्हु से परामर्श लिया कि उसे क्या पढ़ाया जाए। आपने फ़रमाया उसको धार्मिक शिक्षा दिलवाए। एक बेटे को तो आपने दुनिया पढ़ाई है इस को धार्मिक शिक्षा दिलवा दें। इस पर नाना जान मरहूम ने अपनी ओर से नानी अम्मां की ओर से कहा कि फिर तो यह अपने भाई के टुकड़ों पर पलेगा। जब उन्होंने यह बात कही तो हज़रत ख़लीफ़ा अवूवल रज़ी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया ख़ुदा कई बार एक व्यक्ति को दूसरे की ख़ातिर रोटी देता है आप यह क्यों कहते हैं कि यदि यह धार्मिक सेवा में व्यस्त रहा तो अपने भाई के टुकड़ों पर पलेगा। आप यह क्यों नहीं कहते कि यह धर्म की सेवा करे गा तो ईस के कारण अल्लाह तआला इस के भाई की आय में भी बरकत पैदा कर देगा। फिर आपने हज़रत अब्बू हुरैरा की घटना सुनाई। जब वह इस्लाम लाए तो उनके दिल में शौक़ पैदा हुआ कि में रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मज्लिस में बैठूँ और आपकी बातें सुनूँ। इसलिए वह रात-दिन मस्जिद में बैठे रहते थे ताकि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब भी बाहर तशरीफ़ लाएं और कोई बात करें तो उस के सुनने से वंचित न रहें। इन की रिवायतों की प्रचुरता को देखकर कुछ लोग समझते हैं

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिरिहिल अज़ीज़ की यूरोप की यात्रा, मई जून 2015 ई (भाग-2)

सयद्दना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का "मस्जिद मन्सूर" आकिन के उद्घाटन के अवसर पर भाषण

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः सय्यद मुहयिद्दीन फ़रीद)

23 मई हफ़्ता के दिन 2015 ई (शेष...........)

भाषण हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ "मस्जिद मंसूर' आकिन के उद्घाटन के अवसर पर,

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज ने फ़रमाया मेयर साहिब ने यह भी कहा कि मिल कर रहना चाहिए और एक अच्छी सोसाइटी की यही ख़ूबी है। यह निश्चित रूप से बहुत अच्छी बात है। हमें इस तरह से मिल जुल कर रहना चाहिए क्योंकि इस तरह हम धर्म की हक़ीक़त को पा सकते हैं और हम इन्सानी क़दरों का ख़्याल रखने वाले होंगे। अत: इन्सानी क़द्रें क़ायम रखना यह सबसे ज़्यादा ज़रूरी चीज़ है। एक बड़ी अच्छी नसीहत मेयर साहिब ने की कि मुझे आशा है कि जमाअत अहमदिया integration के लिए सबसे बढ़कर प्रयास करेगी। आपस में मिल जुल कर रहने के लिए सब से ज़्यादा प्रयास करेगी।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज ने फ़रमाया

और यक़ीनन मुझे आशा है कि जिस तरह पहले यहां प्रयास होते रहे इस से बढ़कर इस बारे में प्रयास होगा और हम इंशाअल्लाह तआला वे समस्त हुक़ूक़ अदा करने का प्रयास करेंगे जो एक मुल्क में एक अच्छे शहरी को अदा करने चाहिएं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज ने फ़रमाया इसी तरह integraion minister के प्रतिनिधि ने यहां आकर अपनी मिनिस्ट्री की ओर से कुछ इज़्हार-ए-ख़्याल किया उन्होंने भी यह कहा कि जर्मनी में जर्मन जो हैं बड़ा वसीअ हौसला रखते हैं और उनसे हौसला मंद integration होती है यह बिल्कुल सही बात है कि जर्मन क़ौम में अल्लाह तआला के फ़ज़ल से बड़ा हौसला है। उन्होंने यहां बहुत सारी क़ौमों को अपने अंदर समाहित किया हुआ है और यह हौसला जब तक क़ायम रहेगी तब तक दुनिया में आपके उच्च आचरण का प्रचार होता रहेगा। लेकिन इस हौसला को प्रकट करने के लिए आने वाली क़ौमों का भी कर्तव्य होता है कि वह भी ऐसे हौसले का प्रकटन करें। मैं यह नहीं कहता कि हम आएं और जो मर्ज़ी करते रहीं। बाहर से आए हुए एशीयन लोग जो जबकि बाहर से आए हैं लेकिन अब जर्मन क़ौम का हिस्सा बन चुके हैं । यहां पैदा हुए बच्चे जो चाहे हिंदुस्तान से आए या पाकिस्तान से आए या किसी और मुल्क से आए लेकिन यहां पैदा हुए और यहां की भाषा बोलते हैं यहां का हिस्सा बन चुके हैं यदि वे भी केवल भाषा की हद तक नहीं, बल्कि अपने आपको integrate करने के लिहाज़ से भी जब तक हौसला नहीं दिखाते उस समय तक यह आरोप नहीं दे सकते कि जर्मन हमें अपने अंदर जज़्ब (मिलाते)नहीं करते। जज़्ब करने के लिए तो बाहर से आने वालों को भी वही प्रकटन करने होंगे जिसका प्रकटन पुरानी जर्मन क़ौम ने किया यहां रहने वाले स्थानीय जर्मनों ने किया। अत: जैसा कि मैंने कहा जहां तक जमाअत अहमदिया का सम्बन्ध है इंशा अल्लाह तआला हम इस हौसलामंदी का उत्तर, बढ़कर हौसलामंदी से देंगे और हमेशा यह साबित करेंगे कि यहां रहने वाला हर अहमदी देश का वफ़ादार है और क़ौम की और देश की तरक़्क़ी के लिए कार्यरत है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज ने फ़रमाया ज़िला असैंबली के मेंबर पधारे उन्होंने फूलों की दुकान का भी वर्णन किया कि वह दुकान जो हमारे अहमदी की है वह तो फूल प्रस्तुत करते हैं तो उन साहिब ने एक उदाहरण के लिए उदाहरणता यहां के लोगों में इन फूलों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है यह बताने के लिए हमारी ओर से सांप्रदायिकता की भावनाओं का प्रकटन नहीं होगा। हमारी ओर से पत्थर नहीं पड़ेंगे हमारी ओर से तलवार नहीं उठाई जाएगी बल्कि हम तो फूल प्रस्तुत करने वाले लोग हैं और हम यह हमेशा प्रस्तुत करते रहेंगे। लेकिन यह फूल जो प्रस्तुत किए जा रहे हैं ये फूल जो आपके सामने रखे जा रहे हैं ये फूल जिसको लोग पसंद कर के और पैसे ख़र्च कर ख़रीदते हैं ये फूल तो अपनी ख़ूबसूरती को भी अस्थाई तौर पर क़ायम रखने वाले हैं और उनकी ख़ुशबू भी यदि है तो वो अस्थाई ख़ुशबू है। लेकिन सबसे अच्छे फूल जो जमाअत अहमदिया प्रस्तुत करती है वे तो वे उच्च आचरण हैं जिनको हमेशा क़ौमें याद रखती हैं और दुनिया में हर जगह जमाअत अहमदिया के उच्च आचरण को सराहा जाता है और उनकी प्रशंसा की जाती है और यह वह हक़ीक़ी फूल हैं जो जमाअत अहमदिया प्रस्तुत करती है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया

फिर एक बात यह भी है कि यहां यह भी संदेश में पढ़ा गया कि पड़ोसी का हक़ अदा करना है। पड़ोसी के हक़ का जहां तक प्रश्न है इस्लाम पड़ोसी के हक़ की इतनी नसीहत करता है कि कुरआन करीम में भी बार-बार पड़ोसी के हक़ की ओर ध्यान दिलाया गया है और इस्लाम के संस्थापक हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने तो पड़ोसी के हक़ का इतना ध्यान दिलाया कि कुछ सहाबा कहते हैं कि हमें ख़्याल पैदा होने लगा कि शायद पड़ोसी भी हमारी जायदादों में इसी तरह वारिस बन जाएं जिस तरह हमारे हक़ीक़ी वुरसा वारिस होते हैं। इस्लाम ने इस सीमा तक पड़ोसी के हुक़ूक़ का ख़्याल रखा है। और फिर पड़ोसी केवल वह नहीं जिसकी दीवार अपने घर के साथ जुड़ती है या एक ही बिल्डिंग में रहने वाले कुछ फ़्लैट पड़ोसी हैं। बल्कि आपके साथ यात्रा करने वाला भी पड़ोसी है आपके शहर में रहने वाला भी आपका पड़ोसी है आप के दफ़्तर में काम करने वाला भी आपका पड़ोसी है और उन सबके हुक़ूक़ अदा करना एक अहमदी का कर्तव्य है एक हक़ीक़ी मुस्लमान का कर्तव्य है।

अत: पड़ोसी के यह हुक़ूक़ हैं जो इस्लाम क़ायम करता है और यह वह हुक़ूक़ हैं जिनकी अदायगी हम पर अनिवार्य है एक अहमदी मुस्लमान पर अनिवार्य है और एक हक़ीक़ी मुस्लमान पर अनिवार्य है। अहमदियों को हमेशा याद रखना चाहिए अपने इन कर्तव्यों की ओर ध्यान देते रहना चाहिए। उनको मैं कहता हूँ कि पहले से बढ़कर अपने इन कर्तव्यों की ओर ध्यान दें। पहले से बढ़कर अपनी इबादतों की ओर ध्यान दें। पहले से बढ़कर अपने उच्च आचरण अपने पड़ोसियों को भी दिखाएं और अपने शहर-वालों को भी दिखाएं बल्कि इस देश के लोगों को दिखाएं और कोई यह एतराज़ न कर सके कि इस्लाम की शिक्षा ऐसी शिक्षा है जिसमें कट्टरवाद है बल्कि यह लोग कहें कि इस्लाम की शिक्षा तो अच्छी शिक्षा है लेकिन इस को बिगाड़ने वाले कुछ मुस्लमान हैं जिन्होंने बिगाड़ दिया। लेकिन इस की हक़ीक़ी तस्वीर भी अहमदी मुस्लमानों के माध्यम से हम देख सकते हैं। अत: इस से बढ़कर प्रकटन करना होगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज ने फ़रमाया

आप अहमदियों को मैं कहता हूँ कि आप लोगों ने इस्लाम की ख़ूबसूरत शिक्षा का पहले से बढ़कर सफ़ीर बनना है। पहले से बढ़कर इसका हक़ अदा करना है और इसके लिए आपस में भी मुहब्बत और प्यार में बढ़ें क्योंकि मस्जिद का हक़ उस समय तक अदा नहीं हो सकता जब तक आपस में मुहब्बत और प्यार नहीं होगा। जब इबादत करने के लिए आते हैं जब एक सफ़ में खड़े होते हैं जब दुआएं कर रहे होते हैं सलाम फेर रहे होते हैं तो सब वे लोग जो आपके दाएं बाएं आगे पीछे खड़े हैं वो इस में शामिल होते हैं और यदि केवल मुँह से तो दुआएं कर रहे हो मुँह से तो अस्सलामो अलैकुम निकलता हो लेकिन दिलों में दुश्मनियां और कपट हैं किसी के पीठ पीछे बोलना हो तो आप इबादत का हक़ नहीं अदा कर सकते। आप नमाज़ का भी हक़ अदा नहीं कर रहे और फिर ऐसे लोग इस श्रेणी में शामिल होते हैं जिसका मैंने पहले वर्णन किया कि अल्लाह तआला फ़रमाता है कि ऐसे लोगों के लिए उनकी नमाज़ें हलाकत का कारण बन जाती हैं। अत: अपनों से भी मुहब्बत और प्यार में आप ने बढ़ना है और ग़ैरों से भी पहले से बढ़कर संबंध भी क़ायम करने हैं और इस सम्बन्ध में बढ़ते चले जाना है और दुनिया को यह बताना है कि इस्लाम की हक़ीक़ी शिक्षा है।

अल्लाह तआला आप लोगों को इस मस्जिद का हक़ अदा करने की तौफ़ीक़ दे

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

हे रसूलुल्लाह! इसके बावजूद कि मैं उन सब में छोटी आयु का हूँ मैं आपका मददगार रहूँगा।(हज़रत अली)

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान सहाबी ख़लीफा राशिद और दामाद अब्बू तुराब,हज़रत अली अलमुर्तज़ा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के प्रशंनीय गुणों का वर्णन

एक रिवायत के अनुसार हज़रत अली रज़ि ने हज़रत ख़दीजा रज़ि के इस्लाम स्वीकार करने के अगले दिन आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत ख़दीजा रज़ि को नमाज़ पढ़ते देखा।

हज़रत अली ने वह रात गुज़ारी और अगली सुबह इस्लाम स्वीकार कर लिया, उस समय आप की उम्र 13 वर्ष थी

चार मरहूमीन आदरणीय डाक्टर ताहिर महमूद साहिब शहीद मढ़ बलोचां ननकाना साहिब पाकिस्तान, आदरणीय जमालुद्दीन महमूद साहिब आफ़ सैरालियून,

अदरणीया अमतुस्सलाम साहिबा पत्नी चौधरी सलाहुद्दीन साहिब मरहूम भूतपूर्व नाज़िम जायदाद और मुशीर क़ानूनी रब्वाह और आदरणीया मंसूरा बुशरा साहिबा माता डाक्टर लतीफ़ अहमद क़ुरैशी साहिब का वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 27 नवम्बर 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज ख़ुलफ़ाए राशिदीन के बारे में हज़रत अली बिन अब्बू तालिब रज़ि के वर्णन से शुरू करूँगा। हज़रत अली बिन अबू तालिब बिन अब्दुल मुतलिब बिन हाशिम। उनके पिता का नाम अब्द मुनाफ़ था जिनका उपनाम अबू तालिब था। आप की माता का नाम फ़ातिमा पुत्री असद बिन हाशिम था। आप आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के नबूव्वत के दावा से दस वर्ष पहले पैदा हुए थे। हज़रत अली रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की शक्ल के बारे में वर्णन करते हैं कि आप का क़द दरमियाना था। आँखें काली थीं। आप का शरीर भारी था। कंधे चौड़े थे।

(अलअसबा फ़ी तमीज़िस्सहाबा ले इब्ने हिज्र असकलानी, भाग 04 पृष्ठ 464 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1995 ई)(उसुदुल गाबाबह लेमआरिफ़ अलअसहाबा ले इब्ने असीर ,भाग 04 पृष्ठ 87- 88 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत लबनान 2003 ई (अल्इस्तेयाब फ़ी मअरफितिल असहाब, भाग 03 पृष्ठ 218 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2002 ई)

हज़रत अली की माता ने आप का नाम अपने पिता के नाम पर असद रखा था और आप के जन्म के समय अबू तालिब घर पर मौजूद न थे। जब अबू तालिब वापस आए तो उन्होंने आप का नाम असद के बजाय अली रख दिया। हज़रत अली के तीन भाई और दो बहनें थीं। उनके भाई तालिब, अक़ील, जाफ़र और बहनें उम्म अहानी और जुमअनह। उनमें तालिब और जुमअना के अतिरिक्त बाक़ी सब ने इस्लाम स्वीकार कर लिया था।

(तारीख़ुल ख़मीस भाग 1 पृष्ठ 295 से 297 भाग 2 पृष्ठ 421 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2009 ई)

हज़रत अली का उपनाम अबुल हसन, अबू-सबतैन और अबो तुराब था।

(उसुदुल गाबाबह ले मअरफितस्सहाबा ले इब्ने असीर, भाग 04 पृष्ठ 88 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत लबनान 2003 ई)(सही अल बुख़ारी ,किताबुस्सलात ,बाब नौमुर्रजाल फिल मस्जिद हदीस 441)

सही बुख़ारी की रिवायत के अनुसार हज़रत सहल बिन सअद रज़ि वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत फ़ातिमा रज़ि के घर आए तो हज़रत अली को घर में न पाया। पूछा: तुम्हारे चाचा का पुत्र कहाँ है? हज़रत फ़ातिमा रज़ि ने कहा मेरे और उनके मध्य कोई बात हो गई थी तो वह मुझ से नाराज़ हो कर चले गए और क़ैलूला भी मेरे पास नहीं किया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने किसी आदमी से कहा देखो वह कहाँ हैं? वह आया और उस ने कहा कि हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वह मस्जिद में सोए हुए हैं तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाए, मस्जिद में चले गए और हज़रत अली वहां लेटे हुए थे। उनके पहलू से उनकी चादर हटी हुई थी और कुछ मिट्टी पहलू पर, कमर पर लग गई थी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मिट्टी पोंछी और फ़रमाया उठो हे अबूतराब उठो हे अबूतराब।

(सही अल बुख़ारी ,किताबुस्सलताल ,बाब नौम रिजालुन फिल मस्जिद, हदीस 441)

उस समय से वह अबूतराब के उपनाम से पुकारे जाने लगे। आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कफ़ालत (संरक्षण) में किस तरह आए? इस बारे में वर्णन होता है मुजाहिद बिन जबर अबुल हज्जाज वर्णन करते हैं कि क़ुरैश को एक बड़ी कठिनाई पेश आना अल्लाह तआला की ओर से हज़रत अली पर इनाम और ख़ैर का कारण बना। हज़रत अबू तालिब के बच्चे अधिक थे। वहां अकाल पड़ा था। इसलिए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने चाचा हज़रत अब्बास रज़ि से जो बनू हाशिम में अधिक ख़ुशहाल थे फ़रमाया कि हे अब्बास !आपका भाई अबू तालिब अधिक सन्तान रखने वाला है। इस अकाल से लोगों की जो हालत है वह आप देख रहे हैं। आप मेरे साथ चलें ताकि हम उनके बोझ में कुछ कमी कर दें। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि उनके बेटों में से एक में ले लेता हूँ और हज़रत अब्बास रज़ि को कहा कि एक आप ले लें। आप ने फ़रमाया हम इन दोनों के लिए हज़रत अबू तालिब की ओर से काफ़ी हो जाएँगे। हज़रत अब्बास ने कहा ठीक है। दोनों हज़रत अबू तालिब के पास आए और कहा हम चाहते हैं कि आपके बोझ में कुछ कमी कर दें यहां तक कि लोगों की वह हालत जाती रहे जिसमें वे उस समय पीड़ित हैं। हज़रत अबू तालिब ने कहा कि अक़ील को मेरे पास रहने दो उस के अतिरिक्त जो चाहे करो। इसलिए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अली रज़ि का हाथ पकड़ कर उन्हें अपने साथ मिला लिया और हज़रत अब्बास रज़ि ने जाफ़र को लिया और उसे अपने साथ मिला लिया। हज़रत अली रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ रहे यहां तक कि अल्लाह तआला ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को नबी के रूप में मबऊस फ़र्मा दिया। फिर हज़रत अली ने आप का अनुकारण धारण किया और आप पर ईमान ले आए और आप की तसदीक़ की और हज़रत जाफ़र रज़ि हज़रत अब्बास रज़ि के पास रहे यहां तक कि उन्होंने अर्थात हज़रत जाफ़िर रज़ि ने भी इस्लाम स्वीकार कर लिया और वह अर्थात हज़रत अब्बास रज़ि फिर हज़रत जाफ़िर रज़ि से बेनयाज़ हो गए।

(अत्तिबरी, भाग 2 पृष्ठ 225 वर्णन अलख़बर अमा कान मिन अमर नबी उल्लाह प्रकाशन दारुल फ़िक्र लबनान 2002 ई)

यह पहली तो तारीख़ तबरी की रिवायत थी। इसी बात का वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने उस को इस प्रकार वर्णन फ़रमाया है कि ''अबू तालिब एक बहुत इज़्ज़त वाले आदमी थे परन्तु ग़रीब थे और बड़ी तंगी से उनका गुज़ारा चलता था। विशेषता उन दिनों में जब कि मक्का में एक अकाल की अवस्था थी। उनके दिन बहुत ही कष्ट में कटते थे। आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जब अपने चचा की इस कष्ट को देखा तो अपने दूसरे चचा अब्बास से

एक दिन फ़रमाने लगे चाचा !अलिफ आपके भाई अबू तालिब की मईशत तंग है। क्या अच्छा हो कि उनके बेटों में से एक को आप अपने घर ले जाएं और एक को मैं ले आऊँ। अब्बास ने इस तजवीज़ से सहमति की और फिर दोनों मिलकर अबू तालिब के पास गए और उनके सामने यह दरख़ास्त पेश की। उनको अपनी औलाद में अक़ील से बहुत मुहब्बत थी।'' अबू तालिब को अक़ील से बहुत मुहब्बत थी। ' 'कहने लगे अक़ील को मेरे पास रहने दो और बाक़ियों को यदि तुम्हारी इच्छा है तो ले जाओ। इसलिए जाफ़र को अब्बास अपने घर ले आए और अली को आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने पास ले आए। हज़रत अली की उम्र उस समय क़रीबन छ: सात वर्ष की थी। इसके बाद अली हमेशा आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास रहे।

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन अज़ हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब, पृष्ठ111)

हज़रत अली के इस्लाम स्वीकार करने के बारे में इब्ने इसहाक़ से यह रिवायत है कि हज़रत अली बिन अबू तालिब हज़रत ख़दीजा रज़ि के इस्लाम लाने और आपके साथ नमाज़ पढ़ने के एक दिन बाद आए। रावी कहते हैं कि उन्होंने आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत ख़दीजा रज़ि को नमाज़ पढ़ते हुए देखा तो हज़रत अली ने कहा हे मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! यह क्या है? तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया यह अल्लाह का धर्म है जो उसने अपने लिए चुन लिया है और रसूलों को इस के साथ मबऊस फ़रमाया। अत:मैं तुम्हें अल्लाह और उस की इबादत की तरफ और लात और उज़्ज़ा के इन्कार की ओर बुलाता हूँ। इस पर हज़रत अली ने आप से कहा यह ऐसी बात है जिसके बारे में आज से पहले मैं ने कभी नहीं सुना। मैं इस बारे में कोई बात नहीं कर सकता जब तक अबू तालिब से इस का वर्णन न कर लूं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नापसंद फ़रमाया कि आप के एलाने नबूवत से पहले यह राज़ खुल जाए। इसलिए आप ने फ़रमाया कि अली! यदि तुम इस्लाम नहीं स्वीकार करते तो इस बात को छुपा कर रखो। अत: हज़रत अली ने वह रात गुज़ारी फिर अल्लाह ने हज़रत अली के दिल में इस्लाम को दाख़िल कर दिया और अगली सुबह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में हाज़िर हुए और वर्णन किया कि हे मुहम्मद (स) रात को आपने मेरे सामने क्या चीज़ पेश फ़रमाई थी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम इस बात की गवाही दो कि अल्लाह के सिवा कोई उपास्य नहीं। वह एक है उसका कोई शरीक नहीं और लात और उज़्ज़ा का इन्कार करो और अल्लाह तआला के शरीकों से दूरी का इज़हार करो। हज़रत अली ने ऐसा ही किया और इस्लाम स्वीकार कर लिया। हज़रत अली अबू तालिब के ख़ौफ़ से पोशीदा तौर पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आया करते थे और उन्होंने अपना इस्लाम छुपा कर रखा।

(उसदुलग़ाब, भाग 4 पृष्ठ 88-89 अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2003 ई)

हालाँकि रहते भी वहीं थे क्योंकि रिवायतों में तो यही है। बहरहाल उसुदुल ग़ाबाबह की यह रिवायत है।

हज़रत ख़दीजा रज़ि के बाद सबसे पहले ईमान लाने वाले हज़रत अली थे। इस समय हज़रत अली की उम्र तेरह वर्ष थी। कुछ दूसरी रिवायतों में पंद्रह, सोला और अठारह वर्ष उम्र का भी वर्णन मिलता है।

(अल्इस्तेयाब फ़ी मअरफितिल असहाब, भाग 3 पृष्ठ 200 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2002 ई)

सीरत लिखने वालों ने यह बेहस भी उठाई है कि मर्दों में से पहले कौन ईमान लाया था। हज़रत अबू बकर रज़ि या हज़रत अली या हज़रत ज़ेद रज़ि। कुछ इस का यह हल निकालते हैं कि बच्चों में से हज़रत अली और बड़ों में से हज़रत अबू बकर रज़ि और ग़ुलामों में से हज़रत ज़ैद रज़ि। इस बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने भी अपना एक दृष्टिकोण पेश किया है। आप कहते हैं कि "हज़रत ख़दीजा रज़ि के बाद मर्दों में सबसे पहले ईमान लाने वाले के सम्बन्ध में इतिहासकारों में मतभेद है। कुछ हज़रत अबूबकर अब्दुल्लाह बिन अबी क़हाफ़ा का नाम लेते हैं। कुछ हज़रत अली रज़ि का नाम लेते हैं जिन की उम्र उस समय सिर्फ़ दस वर्ष की थी और कुछ आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आज़ाद किया हुआ ग़ुलाम हज़रत ज़ैद बिन हारिसा का। परन्तु हमारे निकट यह झगड़ा फ़ुज़ूल है। हज़रत अली और ज़ैद बिन हारिसा आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के घर के आदमी थे और आप के बच्चों की तरह आप के साथ रहते थे। आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का फ़रमाना और उनका ईमान लाना, बल्कि उनकी ओर से तो शायद किसी कथनीय इक़रार की भी ज़रूरत न थी। अत: उनका नाम बीच में लाने की ज़रूरत नहीं।' अर्थात आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का फ़रमाना और उनका ईमान लाना ,से कोई नहीं अन्तर पड़ता एक ही बात है। इस के लिए किसी कथनीय इक़रार की ज़रूरत नहीं "अत: उनका नाम बीच में लाने की ज़रूरत नहीं और जो बाक़ी रहे इन सब में से हज़रत अब्बू बकर रज़ि मुस्लिमा तौर पर मुक़द्दम हैं और ईमान लाने वालों में से प्रथन थे। "

(सीरत ख़ातमन्नबय्यीन लेखक हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब,पृष्ठ 121)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं कि "हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम को अल्लाह तआला से मांगने पर एक मददगार मिला था परन्तु मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शान देखो कि आपको बिन मांगे मददगार मिल गया।' यहां हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि हज़रत ख़दीजा रज़ि का वर्णन फ़रमाना चाह रहे हैं और आप बता रहे हैं कि हज़रत ख़दीजा आपकी मददगार थीं। कहते हैं देखो! मुहम्मद रसूलुल्लाह की शान देखो !!कि आपको बिन मांगे मददगार मिल गया''अर्थात आपकी वह पत्नी जिसके साथ आपको बेहद मुहब्बत थी सबसे पहले आप पर ईमान ले आई। क्योंकि हर व्यक्ति का मज़हब और अक़ीदा आज़ाद होता है और कोई किसी को ज़बरदस्ती मनवा नहीं सकता, इसलिए संभव था कि जब आपने हज़रत ख़दीजा रज़ि से ख़ुदा तआला की पहली वह्यी का वर्णन किया तो वह आपका साथ न देतीं और कह देतीं कि मैं अभी सोच समझ कर कोई क़दम उठाऊँगी लेकिन नहीं। हज़रत ख़दीजा रज़ि ने बिना किसी देरी, और शंका के और आपके दावा का समर्थन किया की और रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह चिन्ता कि शायद ख़दीजा रज़ि मुझ पर ईमान न लाए दूर हो गई और सबसे पहले ईमान लाने वाली हज़रत ख़दीजा रज़ि ही हुईं। उस समय ख़ुदा तआला अर्श पर बैठा कह रहा था।أَلَيْسَ اللّٰهُ بِكَافٍ عَبْدَهٗ हे मुहम्मद सल्लल्लाहो वसल्लम! तुझे ख़दीजा रज़ि के साथ प्यार था और मुहब्बत थी और तेरे हृदय में यह विचार था कि कहीं ख़दीजा रज़ि तुझे छोड़ न दे और तू इस फ़िक्र में था कि ख़दीजा रज़ि मुझ पर ईमान लाती है या नहीं। परन्तु क्या हमने तेरी ज़रूरत को पूरा न किया?''इसके बाद हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि फ़रमाते हैं कि "इस के बाद जब आपके घर में ख़ुदा तआला की वह्यी के सम्बन्ध में बातें हुईं तो ज़ैद बिन हारिस ग़ुलाम जो आपके घर में रहता था आगे बढ़ा और उसने कहा हे अल्लाह के रसूल! मैं आप पर ईमान लाता हूँ। इसके बाद हज़रत अली जिनकी उम्र उस समय ग्यारह वर्ष की थी और वह अभी बिल्कुल बच्चा ही थे और वह दरवाज़ा के साथ खड़े हो कर इस बात को सुन रहे थे जो रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत ख़दीजा रज़ि के मध्य हो रही थी। जब उन्होंने यह सुना कि ख़ुदा का पैग़ाम आया है तो वह अली जो एक होनहार और होशियार बच्चा था। वह अली जिसके अंदर नेकी थी। वह अली जिसके नेकी की भावनाऐं जोश मारती रहती थीं परन्तु बढ़ न पाई थीं। वह अली जिसके एहसासात बहुत बुलंद थे परन्तु अभी तक सीने के अन्दर दबे हुए थे और वह अली जिसके अंदर अल्लाह तआला ने स्वीकारियता का माद्दा रखा हुआ था परन्तु अभी तक उसे कोई मौक़ा न मिल सका था उसने जब देखा कि अब मेरे जज़बात के उभरने का समय आ गया है। उसने जब देखा कि अब मेरे एहसासात के बढ़ने का मौक़ा आ गया है। उसने जब देखा कि अब ख़ुदा मुझे अपनी ओर बुला रहा है तो वह बच्चा सा अली अपने दर्द से मामूर सीने के साथ लज्जाता और शर्माता हुआ आगे बढ़ा और उसने वर्णन किया कि हे अल्लाह के रसूल ! जिस बात पर मेरे चाचा ईमान लाया है और जिस बात पर ज़ैद ईमान लाया है उस पर में भी ईमान लाता हूँ।

(रसूल करीम की ज़िंदगी के समस्त अहम वाक़ियात..., अनवारुल ऊलूम,भाग 19 पृष्ठ 127-128)

तारीख़ तिबरी में लिखा है कि जब नमाज़ का समय होता तो रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का की घाटियों की ओर चले जाते और हज़रत अली भी आपके चाचा अबू तालिब और अन्य चाचाओं और समस्त क़ौम से छुप कर आपके साथ हो लेते और दोनों वहां नमाज़ अदा करते। शाम को वापिस तशरीफ़ ले आते। यह सिल्सिला यूंही चलता रहा। फिर एक दिन अबू तालिब ने इन दोनों को नमाज़ पढ़ते हुए देख लिया और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पूछा कि हे भतीजे! यह कौन सा धर्म है जिसकी पैरवी करते हुए मैं आपको देख रहा हूँ। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाया: हे मेरे चाचा यह अल्लाह का धर्म है और उस के फ़रिश्तों का धर्म है और उस के रसूलों का धर्म है और हमारे बाप हज़रत इब्राहीम का धर्म है। या इस से मिलता-जुलता कुछ फ़रमाया। इसी तरह फ़रमाया

कि अल्लाह तआला ने इस के साथ मुझे लोगों की ओर मबऊस फ़रमाया है और हे चाचा तू इस बात का सबसे अधिक हक़दार है कि मैं तुझे उस की नसीहत करूँ और तुझे इस हिदायत की ओर बुलाऊँ और तू इस बात का अधिक योग्य है कि मुझे स्वीकार करे और मेरी मदद करे या इस तरह की बात फ़रमाई। इस पर अबू तालिब ने कहा हे मेरे भतीजे मैं अपने और अपने बाप दादाओं के धर्म और जिस पर वे थे उस को छोड़ने की ताक़त नहीं रखता लेकिन अल्लाह की क़सम! मैं जब तक ज़िंदा हूँ तुम्हें कोई ऐसी चीज़ नहीं पहुँचेगी जिसे तू नापसंद करता हो।

(तारीख़ अत्तिबरी ,भाग-2 पृष्ठ 225 बाब वर्णन अलख़बर अमा कान मन अमर नबीउल्लाह इब्तिदा दारुल फ़िक्र 2002 ई)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने इस घटना को इस तरह वर्णन फ़रमाया है कि "एक बार आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत अली मक्का की किसी घाटी में नमाज़ पढ़ रहे थे कि अचानक इस ओर से अबू तालिब का गुज़र हुआ। अबू तालिब को अभी तक इस्लाम की कोई ख़बर न थी। इसलिए वह खड़ा हो कर निहायत हैरत से यह नज़ारा देखते रहे। जब आप नमाज़ ख़त्म कर चुके तो उसने कहा भतीजे ! यह क्या धर्म है जो तुमने धारण किया है? आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। चाचा यह दीने इलाही और दीने इब्राहीम है और आप ने अबू तालिब को थोड़ा तौर पर इस्लाम की दाअवत दी लेकिन अबू तालिब ने यह कह कर टाल दिया कि मैं अपने बाप दादा का मज़हब नहीं छोड़ सकता परन्तु साथ ही अपने पुत्र हज़रत अली की ओर सम्बोधित हो कर बोला। हाँ पुत्र तुम बे-शक मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) का साथ दो क्योंकि मुझे यक़ीन है कि वह तुमको सिवाए नेकी के और किसी ओर नहीं बुलाएगा।

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन लेखक हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ,पृष्ठ 127)

अल्लाह तआला के आदेश के अनुसार नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का अपने रिशतेदारों को डराने का वर्णन एक जगह इस प्रकार मिलता है। हज़रत बरा बिन आज़िब रज़ि वर्णन करते हैं कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर यह आयत नाज़िल हुई कि وَأَنْذِرْ عَشِيرَتَكَ الْأَقْرَبِينَ (अश्शोअरा 215) और तू अपने ख़ानदन अर्थात रिश्तेदारों को डरा। आप ने फ़रमाया हे अली हमारे लिए एक साअ खाने के साथ बकरी की रान तैयार करो और एक रिवायत में साव के बजाय मुद्द का शब्द मिलता है। एक साअ चार मुद्द का था अर्थात कुछ अढ़ाई सैर वज़न से कुछ कम या अढ़ाई किलो कह सकते हैं और यहां यह भी लिखा है कि कूफ़ा वाले और इराक़ का साअ आठ मुद्द का होता था अर्थात चार सैर का या साढ़े चार सैर का लेकिन बहरहाल बहुत थोड़ी मिक़दार। जितना भी हो अढ़ाई सैर हो या चार सेर हो वंश के लोगों को बुलाना था, दावत करनी थी उस के लिए खाना तैयार करना था और हमारे लिए एक बड़ा प्याला दूध का तैयार करो। फिर बनू अब्दुल मुतलिब को जमा करो। हज़रत अली कहते हैं मैं ने ऐसा ही किया। वे सब जमा हुए। कोई चालीस लोग थे। एक अधिक या एक कम था। उनमें आप के चाचा अबू तालिब और हमज़ा और अब्बास और अबूलहब भी थे। मैंने उनके सामने खाने का वह बड़ा बर्तन पेश किया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस में से गोश्त का एक टुकड़ा लिया अपने दाँतों से उसे काटा। फिर उस प्याले के अतराफ़ में उसे बरकत देने के लिए बिखेर दिया और फ़रमाया अल्लाह के नाम के साथ खाओ। लोगों ने खाया यहां तक कि वे तृप्त हो गए। अल्लाह की क़सम! मैं ने इन सब के लिए जो पेश किया था वह केवल एक आदमी खा सकता था। फिर आप ने फ़रमाया लोगों को पिलाओ। इसलिए मैं दूध का वह पियाला लाया। उन्होंने पिया यहां तक कि सब के सब तृप्त हो गए। अल्लाह की क़सम ! उनमें से केवल एक व्यक्ति सारा पी सकता था। फिर जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इरादा फ़रमाया कि हाज़िरीन से बात करें तो अबूलहब ने शीघ्रता से बोलना शुरू कर दिया और कहा देखो तुम्हारे साथी ने तुम पर कैसा जादू किया है फिर वे लोग बिखर गए और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनसे बात न कर सके। अगले दिन आप ने फ़रमाया। हे अली जो खाने और पीने की वस्तु तुमने कल तैयार की थी वैसा ही तैयार करो। मैं ने ऐसा ही किया। फिर मैंने उन लोगों को जमा किया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ऐसे ही किया जैसा कि कल किया था अर्थात खाने को बरकत बख़शी थी। फिर उन लोगों ने खाया और पिया यहां तक कि ख़ूब तृप्त हो गए। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हे बनू अब्दुल मुतलिब मैं अरब के किसी नौजवान को नहीं जानता जो अपनी क़ौम के लिए इस से बेहतर बात लेकर आया हो जो मैं तुम्हारे लिए लाया हूँ। मैं तुम्हारे लिए दुनिया और आख़िरत का मामला लेकर आया हूँ। फिर फ़रमाया इस पर कौन मेरी मदद करेगा? हज़रत अली कहते हैं इस पर सब लोग ख़ामोश रहे और मैंने वर्णन किया हे अल्लाह के रसूल! बावजूद इस के कि मैं इन सब में छोटी आयु का हूँ मैं आपका मददगार हूँगा।

(सुबुलुल हुदा वर्‌शिाद , भाग 2 पृष्ठ 324 फ़ी अमर अल्लाह सुब्हाना व तआला दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1993 ई (लुग़ातुल अहदीस, भाग 2 पृष्ठ 648 ज़ेर लफ़्ज़ "साव'')

सीरत खातमन्नबिय्यीन में इस बात का वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने इस तरह लिखा है कि "आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अली से इरशाद फ़रमाया कि एक दअवत का इंतिज़ाम करो और इस में बनू अब्दुल मुतलिब को बुलाओ ताकि इस माध्यम से उन तक सच्चाई का पैग़ाम पहुंचाया जाए। इसलिए हज़रत अली ने दअवत का इंतिज़ाम किया और आप ने अपने सब क़रीबी रिश्तेदारों को जो उस समय कम से कम चालीस लोग थे इस दावत में बुलाया। जब वे खाना खा चुके तो आप ने कुछ तक़रीर शुरू करनी चाही परन्तु बदकिस्मत अबूलहब ने कुछ ऐसी बात कह दी जिससे सब लोग चले गए। इस पर आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अली से फ़रमाया कि यह मौक़ा तो जाता रहा। अब फिर दअवत का इंतिज़ाम करो। इसलिए आप के रिश्तेदार फिर जमा हुए और आप ने उन्हें इस प्रकार मुख़ातिब किया कि हे अब्दुल मुतलिब! देखो मैं तुम्हारी ओर वह बात लेकर आया हूँ कि इस से बढ़कर अच्छी बात कोई व्यक्ति अपने क़बीला की ओर नहीं लाया। मैं तुम्हें ख़ुदा की ओर बुलाता हूँ। यदि तुम मेरी बात मानो तो तुम धर्म तथा दुनिया की बेहतरीन नेअमतों के वारिस बनोगे। अब बताओ इस काम में मेरा कौन मददगार होगा? सब ख़ामोश थे और हर ओर मज्लिस में एक सन्नाटा था कि अचानक एक ओर से एक तेरह वर्ष का दुबला पुतला बच्चा ,जिसकी आँखों से पानी बह रहा था उठा और इस प्रकार कहने लगा। यद्यिप मैं सब में कमज़ोर हूँ और सब में छोटा हूँ परन्तु मैं आप का साथ दूँगा। यह हज़रत अली की आवाज़ थी। आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अली के यह शब्द सुने तो अपने रिश्तेदारों की ओर देखकर फ़रमाया यदि तुम जानो तो इस बच्चे की बात सुनो और उसे मानो। हाज़िरीन ने यह नज़ारा देखा तो बजाय नसीहत प्राप्त करने के सब खिल-खिला कर हंस पड़े और अबू लहब अपने बड़े भाई अबू तालिब से कहने लगा। लो अब मुहम्मद तुम्हें यह हुक्म देता है कि तुम अपने पुत्र का अनुकरण करो। और फिर ये लोग इस्लाम और आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की कमज़ोरी पर हंसी उड़ाते हुए विदा हो गए।''

(सीरत ख़ातमन्निबिय्यीन लेखक हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ,पृष्ठ 128-129)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि इस घटना का वर्णन इस प्रकार फ़रमाते हैं कि "हज़रत अली रज़ि की घटना है वह भी ग्यारह वर्ष के थे।' बच्चों को भी इस को ग़ौर से सुनना चाहिए''जब वह धर्म के समर्थन के लिए खड़े हुए। जब रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को वह्यी हुई तो आपने एक दावत की जिसमें मक्का के समस्त बड़े बड़े उमरा को बुलाया और उन्हें खाना खिलाया। फिर आप खड़े हुए और फ़रमाया कि मैं कुछ अपने दावा की बातें करना चाहता हूँ। इस पर सारे उठकर भाग गए। यह देखकर हज़रत अली रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और कहने लगे भाई! आपने यह क्या-किया? आप जानते हैं कि यह बड़े दुनिया-दार लोग हैं उनको पहले सुनाना था और फिर खाना खिलाना था। यह बेईमान तो खाना खा कर भाग गए क्योंकि यह खाने के भूखे हैं। यदि आप पहले बातें सुनाते तो चाहे दो घंटा सुनाते वे ज़रूर बैठे रहते। फिर उनको खाना खिलाते। इसलिए रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फिर इस तरह किया। फिर पुन: उनको बुलाया और उनकी दावत की लेकिन पहले कुछ बातें सुना लीं और फिर खाना खिलाया। इस के बाद आप खड़े हुए और आप ने फ़रमाया लोगो! मैंने तुम्हें ख़ुदा की बातें सुनाई हैं। क्या कोई तुम में से है जो मेरी मदद करे और इस काम में मेरा हाथ बटाए? मक्का के सारे बड़े बड़े आदमी बैठे रहे सिर्फ़ हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और कहने लगे हे मेरे चाचा के पुत्र मैं हूँ। आपकी मदद करूँगा। आपने समझा कि यह तो बच्चा है। इसलिए फिर आप खड़े हुए और फ़रमाया लोगो! क्या तुम में से कोई है जो मेरी मदद करे? फिर सारे बुड्ढे बुड्ढे बैठे रहे और वह ग्यारह वर्ष का बच्चा खड़ा हो गया और उसने कहा कि मेरे चाचा के पुत्र मैं जो हूँ मैं तेरी मदद करूँगा। फिर रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने समझा कि ख़ुदा के नज़दीक जवान यही ग्यारह साला बच्चा है बाक़ी बुड्ढे सब बच्चे हैं। "उनमें कोई ताक़त नहीं है यही बच्चा है जो अक़्लमंद है'' इसलिए आपने

उनको अपने साथ मिला लिया और फिर वही अली आख़िर तक आप के साथ रहे और फिर आप के बाद ख़लीफ़ा भी हुए और उन्होंने धर्म की बुनियाद डाली। इसी तरह आपकी नस्ल को भी अल्लाह तआला ने नेक बनाया और बारह नस्लों तक बराबर उनमें बारह इमाम हुए।''

(इफ़्तिताही तक़रीर जलसा सालाना 1955 ई, अनवारुल ऊलूम, भाग 25 पृष्ठ187-188)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु तआला अन्हु एक जगह हज़रत अली रज़ि का वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि

''हज़रत अली जब ईमान लाए तो अभी बच्चे ही थे और वह भी यह समझ कर ईमान लाए थे कि मुझे इस्लाम के लिए हर किस्म की मुसीबतें बर्दाश्त करनी पड़ेंगे।''बच्चे थे लेकिन यह समझ कर ईमान लाए थे कि क़ुर्बानी मुझे देनी पड़ेगी''यहां तक कि यदि जान क़ुर्बान करने का समय आया तो मुझे अपनी जान भी ख़ुदा तआला की राह में पेश करनी पड़ेगी। हदीसों में आता है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी रिसालत के आरम्भिक दिनों में एक दावत की जिसमें बनू अब्दुल मुतलिब को बुलाया ताकि उन तक पैग़ाम-ए-हक़ पहुंचाया जाए। इसलिए आप के बहुत से रिश्तेदार इस दावत में शरीक हुए। जब सब लोग खाना खा चुके तो आप ने खड़े हो कर तक़रीर करनी चाही परन्तु अबूलहब ने इन सब लोगों को मुंतशिर कर दिया और वे आप की बात सुने बग़ैर अपने घरों को चले गए। आप बहत हैरान हुए कि ये अच्छे लोग हैं जो दावत खा कर भी बात नहीं सुनते परन्तु आप निराश नहीं हुए बल्कि आप ने हज़रत अली से फ़रमाया कि पुन: उनकी दअवत की जाए। इसलिए पुन: उन सबको खाने पर बुलाया गया। जब वे तृप्त हो कर खा चुके तो आप खड़े हुए और फ़रमाया कि देखो अल्लाह तआला का यह तुम पर कितना बड़ा एहसान है कि उसने अपना नबी तुम्हारे अन्दर भेजा है। मैं तुम्हें ख़ुदा की ओर बुलाता हूँ। यदि तुम मेरी बात मानोगे तो तुम धर्म और संसार की नेअमतों के वारिस क़रार पाओगे। क्या तुम में से कोई है जो इस काम में मेरा मददगार बने? यह सुनकर सारी मज्लिस पर सन्नाटे जैसी हालत तारी हो गई। परन्तु अचानक एक कोने से एक छोटी उम्र का बच्चा उठा और उसने कहा कि जबकि मैं एक कमज़ोर तरीन आदमी हूँ और उम्र में सबसे छोटा हूँ परन्तु मैं आपका साथ दूँगा। यह बच्चा हज़रत अली थे जिन्हों ने उस समय इस्लाम का समर्थन की घोषणा की।

(तफ़सीर कबीर, भाग 7 पृष्ठ24- 25)

हज़रत अली की क़ुर्बानी का घटना जो आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिजरत के समय हज़रत अली ने वर्णन की है। इस का भी वर्णन इस तरह मिलता है कि मक्का वालों ने आपस में मश्वरा कर के जब रसूल अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के घर पर आक्रमण कर के आपको क़ैद करने या वध करने का मन्सूबा बनाया तो वह्यी इलाही से आपको दुश्मनों के इस इरादे की सूचना हो गई। अल्लाह तआला ने आपको हिजरत मदीना की आज्ञा प्रदान फ़रमाई तो आप ने हिजरत की तैयारी की और हज़रत अली को इरशाद फ़रमाया कि वह आज की रात आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बिस्तर पर लेटें। हज़रत अली ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वही लाल चादर ओढ़ कर रात गुज़ारी जिसमें आप सोया करते थे।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने भाग 01 पृष्ठ 176 वर्णन ख़ुरूज रसूलुल्लाह दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1990 ई)

मुश्रेकीन का वह गिरोह जो कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की घात लगाए हुए बैठा था वह सुबह के समय रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के घर में दाख़िल हुआ और हज़रत अली बिस्तर से उठे। जब वह हज़रत अली के क़रीब हुए तो उन लोगों ने आपको पहचान लिया और पूछा तुम्हारा साथी कहाँ है? आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बारे में पूछा। हज़रत अली ने कहा कि मैं नहीं जानता। क्या मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर निगरान था? तुमने उन्हें मक्का से निकल जाने को कहा और वह चले गए। मुशरिकों ने आपकी डाँट डपट की और मार पीट किया। पकड़ कर ख़ाना काबा में ले गए और कुछ देर कैद में रखा। फिर आपको छोड़ दिया।

(तारीख़ भाग 2 पृष्ठ 256 वर्णन अलख़बर अमाकान मन अमर नबीयुल्लाह दारुल फ़िक्र बेरूत 2002 ई)

फिर एक और सीरत की किताब में लिखा है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद के अनुसार हज़रत अली तीन दिन के बाद मक्का वालों की अमानतें लौटा कर हिजरत कर के नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास पहुंचे और आपके साथ क़बा में कुलसूम बिन हिदं के यहाँ निवासी थे।

(अल सीरतुल हल्बिया अन्नवबिय्या ले इब्ने हश्शाम ,पृष्ठ 348 बाब हिजरते रसूल दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया 2001 ई)

सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन में इस घटना का जो हिजरत के दौरान हुई उस का वर्णन इस प्रकार आया है कि "रात के अन्धेरे का समय था और ज़ालिम क़ुरैश जो विभिन्न क़बीलों से संबंध रखते थे अपने ख़ूनी इरादे के साथ आप के घर के इर्द-गिर्द जमा हो कर आप के घर का घेराव कर चुके थे और प्रतीक्षा कर रहे थे कि सुबह हो या आप आपने घर से निकलें तो आप पर एक दम आक्रमण कर के वध कर दिया जाए। आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास कुछ कुफ़्फ़ार की अमानतें पड़ी थीं क्योंकि बावजूद बहुत विरोध के अक्सर लोग अपनी अमानतें आप की सच्चाई और अमानत के कारण से आप के पास रखवा दिया करते थे। अत: आप ने हज़रत अली को इन अमानतों का हिसाब किताब समझा दिया और ताकीद की कि बिना अमानतें वापस किए मक्का से न निकलना। इस के बाद आप ने उनसे फ़रमाया कि तुम मेरे बिस्तर पर लेट जाओ और तसल्ली दी कि उन्हें ख़ुदा के फ़ज़ल से कोई हानि नहीं पहुँचेगी। वह लेट गए और आप ने अपनी चादर जो लाल रंग की थी उनके ऊपर ओढ़ा दी। इस के बाद आप अल्लाह का नाम लेकर अपने घर से निकले। उस समय घेराव करने वाले आप के दरवाज़े के सामने मौजूद थे परन्तु चूँकि उन्हें यह विचार नहीं था कि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इतनी जल्दी रात के पहले हिस्सा में ही घर से निकल आएँगे वह उस समय इस क़दर ग़फ़लत में थे कि आप उन विरोधियों के सिरों पर मिट्टी डालते हुए।" आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उन विरोधियों के सिरों पर ख़ाक डालते हुए'' उनके मध्य से निकल गए और उनको ख़बर तक न हुई। अब आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ामोशी के साथ परन्तु शीघ्रता मक्का की गलियों में से गुज़र रहे थे और थोड़ी ही देर में आबादी से बाहर निकल गए और सौर नामक गुफा की पनाह ली। हज़रत अबू बकर रज़ि के साथ पहले ही समस्त बात तय हो चुकी थी। वह भी रास्ता में मिल गए। सौर नामक गुफा जो इसी घटना के कारण से इस्लाम में एक पवित्र यादगार समझी जाती है मक्का से दक्षिण की तरफ अर्थात मदीना से दूसरी तरफ तीन मील की दूरी पर एक बंजर और वीरान पहाड़ी के ऊपर ख़ासी बुलंदी पर स्थित है और इस का रास्ता भी बहुत कठिन है।'' मदीना की ओर नहीं है बल्कि विपरीत दिशा में है।''वहां पहुंच कर पहले हज़रत अबू बकर रज़ि ने अन्दर घुस कर जगह साफ़ की और फिर आप भी अंदर तशरीफ़ ले गए। दूसरी ओर वे क़ुरैश जो आप के घर का घेराव किए हुए थे वे थोड़ी थोड़ी देर के बाद आप के घर के अंदर झांक कर देखते थे तो हज़रत अली को आप की जगह पर लेटा देखकर सन्तुष्ट हो जाते थे लेकिन सुबह हुई तो उन्हें ज्ञान हुआ कि उनका शिकार उनके हाथ से निकल गया है। इस पर वे इधर उधर भागे, मक्का की गलियों में सहाबा के घरों पर तलाश किया परन्तु कुछ पता न चला। इस ग़ुस्सा में उन्होंने हज़रत अली को पकड़ा और कुछ पीटा। "

(सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन लेखक हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ,पृष्ठ 236-237)

हज़रत अली की इस क़ुर्बानी का वर्णन हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि ने इस प्रकार फ़रमाया है। फ़रमाते हैं कि "रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने घर से निकलते समय हज़रत अली को अपने बिस्तर पर लिटा दिया था। (चारपाई का रिवाज उन दिनों नहीं था बल्कि अब तक भी मक्का में चारपाई का आम रिवाज नहीं। कुछ रिवायतों में ग़लती से इस प्रकार वर्णन हुआ है कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आपको अपनी चारपाई पर लिटा दिया।) बिस्तर बनाया जाता था बाक़ायदा चारपाई नहीं होती थी "जब रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम रात के समय उन लोगों के पास से गुज़रे तो उनमें से कुछ ने आप को देखा भी परन्तु उन्होंने विचार कर लिया कि यह कोई और व्यक्ति है जो शायद आप से मिलने के लिए आया होगा और अब वापस जा रहा है। इस का कारण यही थी कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बहुत ही बहादुरी के साथ बाहर निकले थे और

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अ: 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY,
JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

आपकी तबीयत पर ज़रा भी ख़ौफ़ नहीं था। उन्होंने समझा कि इतनी बहादुरी से आप उस समय बाहर निकलने का साहस कहाँ कर सकते हैं। यह ज़रूर कोई दूसरा आदमी है जो आपसे मिलने के लिए आया होगा। इस के बाद उन्होंने दरवाज़ा की दराड़'' दरवाज़े की दर्ज़'' में से अंदर झाँका यह इत्मीनान करने के लिए कि कहीं आप बाहर तो नहीं निकल गए तो उन्होंने एक आदमी को सोया हुआ देखा और विचार किया कि यही रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हैं। अत: सारी रात वे आप के घर का पहरा देते रहे फिर जब उचित समय समझा तो अंदर दाख़िल हुए और शायद उन्हें जिस्म से शक पड़ गया कि यह जिस्म आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का नहीं। उन्होंने मुँह पर से कपड़ा उठा कर देखा या शायद मुँह नंगा था बहरहाल उन्हें मालूम हुआ कि सोने वाले व्यक्ति हज़रत अली हैं। रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम नहीं। तब उन्हें मालूम हुआ कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सलामती के साथ जा चुके हैं और उन के लिए अब सिवाए असफलता के कुछ बाक़ी नही रहा।

(तफ़सीर कबीर, भाग 8 पृष्ठ 510)

